प्रेषक,

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।

पत्रांक/अका(04) / 13913-23 /शैक्षिक पंचाग /2025–26, दिनांक 31 मार्च 2026

**विषयः** **शिक्षा सत्र 2026–27 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचाग के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक राज्य में संचालित शासकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026–27 में सम्पादित होने वाले क्रियाकलापों से सम्बन्धित विभागीय शैक्षिक पंचाग इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि शैक्षिक पंचाग 2026–27 के अनुसार प्रत्येक गतिविधि/क्रियाकलापों को निर्धारित समय पर सम्पादन कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

भवदीय

(कंचन देवराड़ी)
निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

पृ0सं0 अकादमिक–04/ 13913-23 /शैक्षिक पंचांग/2026–27 दिनांक उक्तांकित।

प्रतिलिपिः–निम्नांकित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित–

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा,उत्तराखण्ड देहरादून।
2. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।
4. अपर निदेशक, (मा0शि0/प्रा0शि0) गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमाऊ मण्डल नैनीताल।
5. अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।
7. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. समस्त प्राचार्य, डायट, उत्तराखण्ड।
9. समस्त उप शिक्षा अधिकारी, द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0) उत्तराखण्ड।
10. समस्त प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका द्वारा उप शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।

(कंचन देवराड़ी)
निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

Scanned with OKEN Scanner

# उत्तराखण्ड राज्य के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु शैक्षिक पंचांग की रूपरेखा
## शिक्षा सत्र 2026–27

| माह | प्रस्तावित कार्यक्रम | तिथि / सप्ताह |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |
| अप्रैल 2026 | नवीन शैक्षिक सत्र प्रारम्भ एवं नवीन विद्यार्थियों का पंजीकरण / स्कूल चलो अभियान। | 01 अप्रैल 2026 |
| | प्रवेशोत्सव | 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक |
| | छात्र नामांकन के लिए बच्चों का चिन्हाकन व पंजीकरण | 01 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक |
| | नवीन सत्र के लिए समय सारिणी तैयार करना, विद्यालय में विभिन्न समितियों / सदनों का गठन। | 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक |
| | नवीन कक्षाओं में पाठ्यक्रमानुसार शिक्षण कार्य प्रारम्भ। | प्रथम सप्ताह से |
| | कक्षा 01 में नवप्रवेशी बच्चों के लिए 03 माह का विद्याप्रवेश मॉड्यूल (आरोही) का संचालन | सतत्। |
| | 'मिशन कोशिश' के अर्न्तगत समस्त छात्रों को नवीन कक्षा की तैयारी ,पिछली कक्षा के सम्बोधों की पुनरावृत्ति / ब्रिज कोर्स / वर्कशीट आदि के माध्यम से शिक्षण | सतत्। |
| | विद्यालय प्रबन्ध समिति का गठन एवं आम सभा की प्रथम बैठक | 08 अप्रैल, 2026 |
| | निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN) के लक्ष्यों का प्रचार–प्रसार एवं कार्ययोजना तैयार करना। | प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | इन्सपायर अवार्ड– विद्यार्थियों का ऑन लाइन नामांकन | सतत् |
| | विद्यालय विकास योजना, विद्यालय आपदा प्रबन्धन (SDMP) योजना निर्माण तथा विद्यालय स्तर पर योजना का क्रियान्वयन करना। | तृतीय सप्ताह तक |
| | अध्यापक दैनन्दिनी निर्माण एवं प्रतिदिन गृहकार्य जाचं। | तृतीय सप्ताह / प्रतिदिन |
| | विश्व पृथ्वी दिवस। | 22 अप्रैल 2026 |
| | लैंगिक उत्पीडन के निराकरण, निषेध एवं सुधार के उद्देश्य से समिति का गठन। | तृतीय सप्ताह तक |
| | Learning outcomes का प्रर्दशन एवं प्रचार–प्रसार। | तृतीय एवं चतुर्थ सप्ताह |
| | बाल संसद –स्वच्छता (घर, विद्यालय, गांव, मोहल्ला, गलियों की स्वच्छता एवं परिसर को प्लास्टिक मुक्त करना)। | तृतीय शनिवार |
| | विद्यालय में ईको–क्लब एवं स्कूल सेफ्टी क्लब का गठन। | तृतीय सप्ताह तक |
| | सम्भार एवं अन्य पंजिकाओं का भौतिक सत्यापन। | चतुर्थ सप्ताह तक |
| | मासिक आंकलन परीक्षा (मिशन कोशिश / ब्रिजकोर्स / पाठ्यक्रम पर आधारित) / दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना। | अन्तिम सप्ताह |
| | विद्यालय प्रबन्ध समिति की कार्यकारी परिषद् का गठन व शिक्षक अभिभावक संघ की आम बैठक। | माह के अंतिम शनिवार तक। |
| | प्रतिभा दिवस। | माह के अन्तिम शनिवार। |
| | कैरियर काउंसिलिग व गाइडेन्स जिज्ञासा लिंक–"आप पूछे हम बताएं का उपयोग / बाल सखा"। | सतत् |
| | कब / बुलबुल स्काउट गाइड दलों का पंजीकरण / नवीनीकरण की कार्यवाही। | सतत्। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| अप्रैल 2026 | एजुकेशन पोर्टल में छात्र–छात्राओं के प्रोफाइल को ऑनलाईन करना एवं अपडेट करना। | सतत। |
| | प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर बालगणना (घर–घर सर्वेक्षण द्वारा)। | सम्पूर्ण माह। |
| मई 2026 | विश्व श्रमिक दिवस। | 01 मई, 2026 |
| | कक्षा 01 में नवप्रवेशी बच्चों के लिए विद्याप्रवेश मॉड्यूल (आरोही) का संचालन | सतत्। |
| | 'मिशन कोशिश' के अर्न्तगत समस्त छात्रों को नवीन कक्षा की तैयारी, पिछली कक्षा के सम्बोधों की पुनरावृत्ति/ब्रिज कोर्स/ वर्कशीट आदि के माध्यम से शिक्षण। | सतत्। |
| | विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का चिन्हांकन। | प्रथम सप्ताह तक |
| | इन्सपायर अवार्ड– विद्यार्थियों का ऑन लाइन नामांकन। | सतत् |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | मासिक आंकलन परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य<br>माह अप्रैल की मासिक परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह तक |
| | सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) आधारित परीक्षण। | प्रतिदिन/मासिक |
| | रेडक्रास दिवस | 08 मई 2026 |
| | विद्यालय स्तरीय खेल टीमों का चयन एवं अभ्यास। | तृतीय सप्ताह तक |
| | मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन परीक्षा (कक्षा 06) | तृतीय सप्ताह |
| | कब/बुलबुल स्काउट गाइड दलों का पंजीकरण/नवीनीकरण की कार्यवाही प्रथम सोपान/द्वितीय सोपान/तृतीय सोपान में प्रतिभाग करवाना । | सतत। |
| | बाल संसद–आपदा से बचाव (बाढ़, बादल फटना, नदियों का जल स्तर अचानक से बढना आदि) तथा परिसर को प्लास्टिक मुक्त करना। | तृतीय शनिवार |
| | प्रथम इकाई मासिक परीक्षा (मिशन कोशिश/ब्रिजकोर्स/पाठ्यक्रम पर आधारित)/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना। | तृतीय सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस। | अन्तिम शनिवार |
| | छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरवाना एवं प्रेषित करना। | अन्तिम सप्ताह तक |
| | सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण | SSA/SCERT के पंचांगानुसार |
| | स्टाफ बैठक आयोजित करना एवं त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करना। | मासिक/त्रैमासिक |
| | ग्रीष्मावकाश हेतु Child friendly social based home work./ मिशन कोशिश/ ब्रिजकोर्स/पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कराये गये शिक्षण का अभ्यास कार्य एवं गृहकार्य देना। | 20 मई से 25 मई 2026 ग्रीष्मावकाश हेतु |
| | ग्रीष्मावकाश (ग्रीष्म कालीन अवकाश वाले विद्यालय) | 27 मई से 30 जून 2026 तक |
| जून 2026 | कक्षा 01 में नवप्रवेशी बच्चों के लिए विद्याप्रवेश मॉड्यूल (आरोही) का संचालन | सतत् |
| | विश्व पर्यावरण दिवस। | 05 जून, 2026 |
| | इन्सपायर अवार्ड– विद्यार्थियों का ऑन लाइन नामांकन | सतत् |
| | माह मई की इकाई परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण।<br>अभिभावकों से मासिक परीक्षा परिणामों की साझेदारी। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| जून 2026 | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | एजुकेशन पोर्टल में छात्र–छात्राओं का प्रोफाइल अपडेट करना। | सतत। |
| | कब/बुलबुल स्काउट गाइड दलों का पंजीकरण/नवीनीकरण की कार्यवाही प्रथम सोपान/द्वितीय सोपान/तृतीय सोपान में प्रतिभाग करवाना। | तृतीय सप्ताह तक। |
| | मासिक आंकलन परीक्षा/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना (शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में) | तृतीय सप्ताह |
| | ग्रीष्मावकाश (शीत कालीन अवकाश वाले विद्यालय) में ग्रीष्मावकाश हेतु Child friendly social based home work./ मिशन कोशिश/ ब्रिजकोर्स/पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कराये गये शिक्षण का अभ्यास कार्य एवं गृहकार्य देना। | 15 जून से 19 जून 2026 तक ग्रीष्मावकाश हेतु |
| | ग्रीष्मावकाश (शीत कालीन अवकाश वाले विद्यालय) | 20 जून से 30 जून, 2026 तक |
| | अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस। | 21 जून 2026 |
| जुलाई 2026 | मासिक आंकलन परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य<br>परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण।<br>अभिभावकों से मासिक परीक्षा परिणामों की साझेदारी। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | कक्षा 01 में नवप्रवेशी बच्चों के लिए विद्याप्रवेश मॉड्यूल (आरोही) का संचालन | 31 जुलाई 2026 तक |
| | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | ग्रीष्मावकाश में दिये गये गृह कार्य की जांच/सुधारात्मक शिक्षण। | द्वितीय सप्ताह |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | विश्व जनसंख्या दिवस। | 11 जुलाई 2026 |
| | विद्यालय विकास अनुदान उपभोग करना। | द्वितीय सप्ताह तक |
| | लघु मरम्मत/वृहत मरम्मत कार्य एस0एम0सी0 द्वारा पूर्ण किया जाना | तृतीय सप्ताह तक |
| | बाल संसद– पर्यावरण संरक्षण में वृक्षारोपण का महत्व, स्थानीय परिवेश में उगने/रोपित किये जा सकने वाले वृक्ष एवं उनकी प्रजातियाँ। | तृतीय शनिवार |
| | संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन | तृतीय/चतुर्थ सप्ताह तक |
| | सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण करना। | समग्र शिक्षा/एस.सी.ई.आर.टी. के पंचांगानुसार |
| | श्री देव सुमन दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण। | 25 जुलाई 2026 |
| | शौर्य दिवस (कारगिल दिवस) | 26 जुलाई, 2026 |
| | सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) आधारित परीक्षण एवं अभिलेखीकरण/रख–रखाव | प्रतिदिन/मासिक |
| | मासिक आंकलन परीक्षा/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना | अन्तिम सप्ताह |
| | ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी | अतिम सप्ताह |
| | इन्सपायर अवार्ड– विद्यार्थियों का ऑन लाइन नामांकन | अंतिम सप्ताह तक |
| | एजुकेशन पोर्टल में छात्र–छात्राओं का प्रोफाइल अपडेट करना। | सतत। |
| | प्रतिभा दिवस | अन्तिम शनिवार |
| | विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों से सम्बन्धित आवेदन उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराना। | 30 जुलाई 2026 तक |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| अगस्त 2026 | मासिक आंकलन परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य<br>परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण।<br>अभिभावकों से मासिक परीक्षा परिणामों की साझेदारी। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी | प्रथम सप्ताह |
| | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | स्वतंत्रता दिवस का आयोजन। | 15 अगस्त 2026 |
| | विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन। | तृतीय सप्ताह तक |
| | बाल संसद – रोग एवं स्वास्थ्य तथा निरोगी रहने के उपाय, स्कूल सेफ्टी एवं परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखना। | तृतीय शनिवार |
| | सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सी0सी0ई0) आधारित परीक्षण। | अन्तिम सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस | अन्तिम शनिवार |
| | द्वितीय इकाई परीक्षा/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना | अन्तिम सप्ताह |
| | राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी | अंतिम सप्ताह |
| | राष्ट्रीय खेल दिवस | 29 अगस्त 2026 |
| | विज्ञान महोत्सव एवं गणित मेले का विद्यालय स्तर पर आयोजन। | निर्धारित कार्यक्रमानुसार |
| | एजुकेशन पोर्टल में छात्र–छात्राओं का प्रोफाइल अपडेट करना। | सतत। |
| सितम्बर 2026 | शिक्षक दिवस | 05 सितम्बर 2026 |
| | एस.एम.सी. की आम सभा की बैठक तथा बाल शोध कार्यक्रमों का आयोजन व शिक्षक–अभिभावक संघ की आम बैठक। | 05 सितम्बर 2026 |
| | मासिक परीक्षा आंकलन परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य<br>माह अगस्त की मासिक परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण।<br>अभिभावकों से मासिक परीक्षा परिणामों की साझेदारी। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | स्काउट–गाइड एवं रेडक्रास की विकास खण्ड स्तरीय रैली | प्रथम सप्ताह |
| | विद्यालय/संकुल सपनों की उड़ान | प्रथम सप्ताह |
| | स्वच्छता सप्ताह | 01 से 15 सितम्बर 2026 |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस | 08 सितम्बर 2026 . |
| | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन | द्वितीय/तृतीय सप्ताह तक |
| | हिन्दी दिवस (राष्ट्र भाषा दिवस)– हिन्दी दिवस के अवसर पर पढे भारत बढे भारत अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन। | 14 सितम्बर 2026 |
| | स्काउट–गाइड/रेडकास की जनपदीय रैली | तृतीय सप्ताह |
| | बाल संसद – जीवन कौशल–स्थानीय व्यवसाय जैसे रिंगाल, बांस, भीमल, लेंटाना से टोकरी, चटाई, रस्सी, फर्नीचर एवं पिरूल का उपयोग आदि। | तृतीय शनिवार |
| | विश्व पर्यटन दिवस | 27 सितम्बर 2026 |
| | टी.एच.डी.सी. द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण पर विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें कक्षा 4,5,6 के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा | चतुर्थ सप्ताह |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| सितम्बर 2026 | मासिक आंकलन परीक्षा/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना | अन्तिम सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस | अन्तिम शनिवार |
| | प्रा0वि0 एवं उ0प्रा0वि0 में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) आधारित परीक्षण एवं अभिलेखीकरण/रख–रखाव | 30 सितम्बर, 2026 तक |
| | एजुकेशन पोर्टल में छात्र–छात्राओं का प्रोफाइल अपडेट करना। | 30 सितम्बर, 2026 तक |
| अक्टूबर 2026 | अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस | 01 अक्टूबर 2026 |
| | विश्व अंहिसा दिवस/महात्मा गांधी/लाल बहादुर शास्त्री जंयती | 02 अक्टूबर, 2026 |
| | परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य एवं सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव एवं गणित मेला | प्रथम सप्ताह |
| | विद्यालय स्तर की चयनित पेंटिग को निर्देशानुसार नोडल अधिकारी टी.एच.डी.सी ऋषिकेश को भेजना | द्वितीय सप्ताह तक |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | इन्सपायर अवार्ड– जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता | अक्टूबर से नवम्बर |
| | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | यू–डायस प्रपत्र का भरा जाना | द्वितीय सप्ताह |
| | राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन | द्वितीय सप्ताह तक |
| | विद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन | 09 अक्टूबर, 2026 |
| | अर्न्तराष्ट्रीय बालिका दिवस | 11 अक्टूबर, 2026 |
| | विकासखण्ड– सपनों की उड़ान | द्वितीय सप्ताह |
| | स्काउट/गाइड की राज्य स्तरीय रैली | 10 से 30 अक्टूबर, 2026 |
| | विश्व बचत दिवस | 30 अक्टूबर, 2026 |
| | बाल संसद – नशा एवं अन्य सामाजिक बुराईयां, अभिशाप एवं बचाव। | तृतीय शनिवार |
| | सी0सी0ई0 के आधार पर समेटिव आंकलन/अर्द्धवार्षिक परीक्षा | तृतीय से चतुर्थ सप्ताह |
| | प्राथमिक विद्यालय–मैथ्स विजार्ड एवं स्पैल जीनियस | तृतीय से चतुर्थ सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस। | माह के अन्तिम शुक्रवार |
| | जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव, गणित मेला एवं बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन | अंतिम सप्ताह |
| | राष्ट्रीय एकता दिवस | 31 अक्टूबर, 2026 |
| नवम्बर 2026 | एस0एम0सी0/एस0एम0डी0सी0 प्रशिक्षण | प्रथम सप्ताह |
| | अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य<br>माह अक्टूबर की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण।<br>अभिभावकों से अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की साझेदारी। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस तथा जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता। | 09 नवम्बर, 2026 |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | राष्ट्रीय शिक्षा दिवस | 11 नवम्बर, 2026 |
| | बाल दिवस/टी.एच.डी.सी. द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन/छात्र प्रतिभा दिवस आयोजन व (बाल चौपाल का आयोजन) चिन्हित बच्चों को पुरस्कार वितरण। | 14 नवम्बर, 2026 |
| | यथा सम्भव प्रयास कि पाठ्यक्रम का दो तिहाई भाग पूर्ण करना। | द्वितीय सप्ताह तक |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| नवम्बर 2026 | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधाारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | U-DISE प्रपत्र को उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजना | द्वितीय सप्ताह |
| | राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन | द्वितीय सप्ताह तक |
| | विश्व विद्यार्थी दिवस | 17 नवम्बर, 2026 |
| | अन्तर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस | 20 नवम्बर, 2026 |
| | बाल संसद – पर्यावरणीय जागरूकता– जल संरक्षण, वनों का संरक्षण, ग्राम वनों का संरक्षण एवं उपयोग | तृतीय शनिवार |
| | विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस एवं संविधान दिवस | 26 नवम्बर, 2026 |
| | विकासखण्ड एवं जनपद–मैथ्स विजार्ड एवं स्पैल जीनियस प्रतियोगिता | तृतीय से चतुर्थ सप्ताह |
| | राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस | माह नवम्बर के चतुर्थ रविवार |
| | तृतीय इकाई मासिक परीक्षा/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना | अन्तिम सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस। | माह के अन्तिम शनिवार |
| | प्रा0वि0 एवं उ0प्रा0वि0 में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन(CCE) आधारित परीक्षण एवं अभिलेखीकरण/रख–रखाव | 30 नवम्बर, 2026 |
| | जनपद– सपनों की उड़ान | अन्तिम सप्ताह |
| | राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव, गणित मेला एवं बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन | अंतिम सप्ताह |
| दिसम्बर 2026 | विश्व एड्स दिवस | 01 दिसम्बर, 2026 |
| | अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर विद्यालयों में पेन्टिंग प्रतियोगिता विकलांगता दिवसः– खेल–कूद, निबन्ध तथा सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन। | 03 दिसम्बर, 2026 |
| | परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य एवं सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | इन्सपायर अवार्ड– राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता | द्वितीय/तृतीय सप्ताह |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | राज्य स्तर–मैथ्स विजार्ड एवं स्पैल जीनियस प्रतियोगिता | द्वितीय सप्ताह तक |
| | विजय दिवस | 16 दिसम्बर, 2026 |
| | राज्य स्तरीय रेडक्रास रैली | 19 दिसम्बर, 2024 से 21 दिसम्बर, 2026 |
| | गणित दिवस– राष्ट्रीय अविष्कार अभियान | 22 दिसम्बर, 2026 |
| | "इन्द्रमणी बडोनी जयंती" का आयोजन। | 24 दिसम्बर, 2026 |
| | बाल संसद – भूकम्प के कारण एवं उससे बचाव। | तृतीय शनिवार |
| | प्रा0वि0 एवं उ0प्रा0वि0 में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) आधारित परीक्षण एवं अभिलेखीकरण/रख–रखाव | चतुर्थ सप्ताह तक |
| | राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन | 27 दिसम्बर, 2026 से 31 दिसम्बर, 2026 |
| | चतुर्थ इकाई मासिक परीक्षा/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना | माह के तृतीय सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस। | माह के अन्तिम शनिवार |
| | विषयवार एवं कक्षावार अधिगम सम्प्राप्ति का (Learning Outcomes) 4/5वां भाग प्राप्त करना। | अंतिम सप्ताह तक |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर 2026 | शीतावकाश (शीत कालीन अवकाश वाले विद्यालय) हेतु गृह कार्य। | 21 दिसम्बर, 2026 से 25 दिसम्बर, 2026 तक |
| | शीतावकाश (शीत कालीन अवकाश वाले विद्यालय) | 26 दिसम्बर, 2026 से 31 जनवरी, 2026 |
| | शीतावकाश (ग्रीष्म कालीन अवकाश वाले विद्यालय) हेतु गृह कार्य। | 26 दिसम्बर, 2026 से 31 दिसम्बर, 2026 तक |
| जनवरी 2027 | शीतावकाश (ग्रीष्म कालीन अवकाश वाले विद्यालय) | 01 जनवरी, 2027 से 13 जनवरी, 2027 |
| | न्यून परिणामों वाले सम्बोधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य एवं सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | थल सेना दिवस | 15 जनवरी, 2027 |
| | राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन विद्यालय स्तर पर ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ'' अभियान के अन्तर्गत | 24 जनवरी, 2027 |
| | राष्ट्रीय मतदाता दिवस | 25 जनवरी, 2027 |
| | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी, 2027 |
| | बाल संसद – Good touch, Bad touch & Sexual harassment | तृतीय शनिवार |
| | दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना (ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले विद्यालय) | अन्तिम सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस। | अन्तिम शनिवार |
| फरवरी 2027 | परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य एवं सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति | प्रथम से चतुर्थ सप्ताह तक |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | न्यून परिणामों वाले संबंधों, Learning outcomes संबंधी, गतिविधि आधारित प्रश्नबैंक विकास। | द्वितीय सप्ताह |
| | बाल संसद – सड़क सुरक्षा। | तृतीय शनिवार |
| | मातृभाषा दिवस। | 21 फरवरी, 2027 |
| | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन विद्यालय स्तर पर (राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अर्न्तगत) | 28 फरवरी, 2027 |
| | मासिक आंकलन परीक्षा/दक्ष पोर्टल पर प्राप्तांकों की अंकना करना | अन्तिम सप्ताह |
| | प्रतिभा दिवस–विद्यालय का वार्षिकोत्सव। | अन्तिम शनिवार |
| | विषयवार एवं कक्षावार अधिगम सम्प्राप्ति (Learning Outcomes) को प्राप्त करना। | अंतिम सप्ताह तक |
| मार्च 2027 | अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस | 08 मार्च, 2027 |
| | Doubt Clearing Day & English Speaking Day | प्रत्येक सप्ताह के शनिवार |
| | परीक्षा के आधार पर सुधारात्मक शिक्षण कार्य एवं सुधारात्मक शिक्षण हेतु छात्र–छात्राओं की पहचान, सुधारात्मक शिक्षण। | प्रथम सप्ताह से द्वितीय सप्ताह तक |
| | बाल संसद – Child trafficking. | तृतीय शनिवार |
| | विश्व उपभोक्ता दिवस | 15 मार्च, 2027 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| मार्च 2027 | सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) आधारित द्वितीय सत्र का समेटिव आंकलन/वार्षिक गृह परीक्षा।<br>प्रा0वि0 एवं उ0प्रा0वि0 में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) आधारित परीक्षण एवं अभिलेखीकरण/रख-रखाव | द्वितीय/तृतीय सप्ताह |
| | इन्सपायर अवार्ड- राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता | भारत सरकार द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार |
| | विद्यालय प्रबंध समिति की आम सभा की बैठक<br>वार्षिक परीक्षा के आधार पर विषयवार छात्र-छात्राओं के निम्न सम्प्राप्ति सार के सम्बोधों की पहचान करना (आगामी कक्षा में मिशन कोशिश हेतु सम्बोधों की पहचान) | अन्तिम सप्ताह |

1. प्रत्येक छात्र-छात्राओं का विवरण विभागीय एजुकेशन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से भर लिया जाय साथ ही छात्र-छात्राओं का प्रोफाइल अपडेट कर लिया जाय।
2. विद्यालय को प्लास्टिक मुक्त रखे जाने हेतु प्लास्टिक मुक्त बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाय।
3. प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को मध्याह्न भोजन के बाद विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की जायेगी यदि शनिवार को अवकाश हो तो शुक्रवार को बैठक आयोजित की जाये।
4. राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता यथा स्कूल फैडरेशन आफ इंडिया, विज्ञान महोत्सव एवं गणित मेला आदि गतिविधियों हेतु जारी पंचाग प्राप्त होने के पश्चात कार्यक्रमानुसार विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जायेगा।
5. CCE आधारित आंकलन/मूल्यांकन/अभिलेखीकरण प्रक्रिया अविरल रूप से चलती रहेगी।
6. विद्यालय में बच्चों के शारीरिक विकास हेतु खेल-कूद प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर पर भी अनिवार्यतः सम्पन्न करायी जायें।
7. इकाई मासिक आंकलंन परीक्षा परिणामों को विद्यालय द्वारा विश्लेषण करते हुये न्यून संप्राप्ति वाले लर्निंग आउटकम पर डायट द्वारा सतत प्रशिक्षण किया जायेगा। इकाई मासिक आंकलंन परीक्षा के आधार पर छात्रों का सम्प्राप्ति स्तर विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखा जाए।
8. एस.एम.सी. एवं अभिभावकों की प्रतिमाह बैठक बुलाई जाय तथा छात्र-छात्राओं की इकाई आंकलंन परीक्षा की प्रगति से अवगत कराया जाए इसके साथ ही पठन-पाठन, स्वास्थ्य, खेलकूद सम्बन्धी विषय पर चर्चा की जाए जिससे अध्यापक व अभिभावक "छात्र-छात्राओं" की एवं विद्यालय की समस्याओं से अवगत हो सकें व उसका समाधान हो सके।
9. प्रारम्भिक स्तर (कक्षा 1 से 8 तक) पर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रथम वादन आनन्दम् कार्यक्रम संचालित किया जायेगा।
10. प्रातः काल प्रार्थना सभा में प्रत्येक दिन अध्यापक छात्र-छत्राओं को कक्षावार नैतिक प्रवचन, समाचार वाचन, सामान्य ज्ञान, व्यायाम करवाना व किसी भी विषय पर बोलने के लिए प्रेरित करेंगें तथा यह दिनचर्या सतत चलती रहेगी साथ ही छात्र-छात्राओं को सडक सुरक्षा नियमों की जानकारी व स्कूल सेफ्टी के विषय में जागरूक किया जाय। जिससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा अध्यापकों के साथ छात्र-छात्रायें समन्वय स्थापित करेंगे। कैरियर काउंसलिग व गाइडेन्स जिज्ञासा लिंक-"आप पूछे हम बताए" का सतत उपयोग किया जाये।
11. राष्ट्रीय, अर्न्तराष्ट्रीय पर्व/दिवसों तथा विभिन्न त्यौहारों के महत्व मनाने का कारण एवं वर्तमान समय में सार्थकता आदि विषय में प्रार्थना सभा में छात्रों को अवगत कराया जाए एवं राष्ट्रीय, अर्न्तराष्ट्रीय पर्व/दिवसों को हर्षोल्लास से मनाया जाय।
12. विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं साज-सज्जा प्रतिदिन की जाय एवं परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखा जाय।

Scanned with OKEN Scanner

13. प्रत्येक शनिवार को सप्ताह में पढ़ाये गये पाठों में शंकाओं के समाधान तथा अंग्रेजी में बोलचाल को बढावा देने हेतु Doubt Clearing Day & English Speaking Day के रूप में गतिविधि करायी जाये।

14. उच्च प्राथमिक स्तर पर शनिवार को बालिका पंचायत एवं योग–ओलम्पियाड से सम्बन्धित गतिविधियां आयोजित करायी जाय।

15. एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत सम्पन्न किये जाने वाले कार्यक्रमों को गतिविधिनुसार सम्पन्न कराया जाय। कार्यक्रम दिवसों में यदि कोई अवकाश होता है तो कार्यक्रम अगले कार्यदिवस में सम्पन्न कराया जाय। कर्नाटक राज्य उत्तराखण्ड राज्य का Pairing State है अतः कर्नाटक राज्य की संस्कृति, वेशभूषा, पर्यावरण, रहन–सहन, खान–पान आदि गतिविधियों से छात्र–छात्राओं को परिचित कराया जाय।

16. विद्यालय में शिकायत पेटी तैयार की जाय तथा प्रत्येक सप्ताह में शिकायत पेटी खोलकर शिकायतों का अभिभावकों के साथ साझा कर शिकायतों का समाधान किया जाय।

17. विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन का कार्य भौतिक एवं ऑनलाईन माध्यम से सतत् रूप से किया जायेगा।

18. इकाई मासिक आंकलन परीक्षा के प्राप्तांकों की अंकना दक्ष पोर्टल पर किये जाने के सम्बन्ध में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड एवं अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड द्वारा पृथक से जारी निर्देशों का भी संज्ञान लिया जाना होगा।

(कंचन देवराड़ी)
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड

Scanned with OKEN Scanner